Title: Need to re-open the Sub Healthcare Centres in all the slums of Jaipur.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मेरी प्रार्थना है कि जयपुर शहर में जितनी भी कच्ची बस्तियां हैं उनमें से कुछ बस्तियों में भारत सरकार के निर्णय के आधार पर पहले एक उप स्वास्थ्य केन्द्र खोला गया था। वह उन बस्तियों के लोगों को दवा देने तथा प्राथमिक उपचार करने के नाते बहुत मजबूती से और बहुत अच्छा काम कर रहा था। स्वास्थ्य उप केन्द्र में कार्यरत कर्मियों ने वहां मकान भी किराए पर ले लिए थे और कुछ अन्य व्यवस्था कर के रह रहे थे। भारत सरकार ने अब निर्णय लिया है कि कच्ची बस्तियों के लिए चल रहे स्वास्थ्य कार्यक्रम को बन्द कर दिया जाए और ऐसे सभी उप स्वास्थ्य केन्द्रों को बन्द कर दिया जाए। इसके कारण कच्ची बस्तियों में चल रहे उप स्वास्थ्य केन्द्र बन्द किए जा रहे हैं। जो मकान स्वास्थ्य कर्मियों ने किराए पर लिए थे वे खाली कर दिए हैं तथा जो अन्य मकान थे उनसे उन्हें बेदखल किया जा रहा है। उन कच्ची बस्तियों में वे ठीक प्रकार का उपचार कर रहे थे। वह उपचार भी बन्द हो गया है। मेरी भारत सरकार से प्रार्थना है कि कच्ची बस्तियों में चल रहे उप स्वास्थ्य केन्द्रों को पुनः खोला जाए। स्वास्थ्य कर्मियों को मकान दिए जाएं। इससे कर्मचारी बेरोजगार होने से बचेंगे। आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।